# साहित्यकारों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई जाएंगी

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी की ओर से 2 से 8 अगस्त तक जाने-माने साहित्यकारों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रसारण किया जाएगा। दर्पण शीर्षक से फेसबुक पर आयोजित इस कार्यक्रम में रोज शाम को 6 बजे से फिल्में दिखाई जाएंगी।साहित्य अकादमी की डॉक्यूमेंट्री प्रसारण श्रृंखला में कन्नड़ साहित्यकार गिरीश कर्नाड, संस्कृत साहित्यकार रेवा प्रसाद द्विवेदी, तेलुगु के सी. नारायण रेड्डी, असमिया साहित्यकार लक्ष्मी नंदन बोरा, उर्दू के साहित्यकार नैयर मसूद, तमिल साहित्यकार पोन्नीलन हिंदी साहित्यकार भीष्म साहनी के जीवन पर आधारित फिल्में दिखाई जाएंगी। एक फिल्म की अवधि 27 मिनट की होगी। साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवास राव ने बताया कि कोरोना वायरस काल में पाठकों को साहित्यकारों से जोड़े रखने के मकसद से यह डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला शुरू की गई है। ब्यूरो